<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**26 जून** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

1. राम मंदिर की दान राशि के कथित गबन मामले में एस.आई.टी. की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद आठ नामजद और अन्य अज्ञात आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज।
2. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लखनऊ में की उत्तर प्रदेश के कृषि रोडमैप की समीक्षा। कहा– किसानों को बेहतर पौध उपलब्ध कराने के लिए राजधानी में होगी क्लीन प्लांट सेंटर की स्थापना।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतकबीर नगर में चार सौ पचहत्तर करोड़ रुपए की लागत वाली विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ। कहा– सुशासन और सुरक्षा के माहौल के कारण देश के ग्रोथ इंजन के रूप में उभर रहा है उत्तर प्रदेश।
4. मुहर्रम की दसवीं तारीख यौमे आशूरा आज। ताजिया जुलूसों को लेकर प्रदेश भर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम।

**********

अयोध्या में राम मंदिर दान राशि के कथित गबन के मामले में विशेष जांच दल– एस.आई.टी की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर आठ नामजद और अन्य अज्ञात आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर की गई है। आरोपितों के खिलाफ गबन, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश से संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। दान राशि के कथित दुरुपयोग के आरोप सामने आने के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर प्रदेश सरकार ने तेरह जून को एस.आई.टी का गठन किया था। एस.आई.टी मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश के कृषि रोडमैप, कृषि क्षेत्र की विभिन्न केंद्रीय और राज्य की योजनाओं तथा ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की संयुक्त समीक्षा की। बैठक में श्री चौहान ने इंटीग्रेटेड फार्मिंग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में एक क्लीन प्लांट सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिससे किसानों को बेहतर पौधे मिल सकें।

***क्लीन प्लांट सेंटर यहां लगाएंगे जिसमें बागवानी के क्षेत्र में जो किसान काम कर रहा हो तो अच्छे पौधे मिल जाए। अगर पौधा खराब मिला उनको प्लांट खराब मिला तो 2 साल 3 साल या 4 साल बाद पता चलता है कि ये तो वैसा उत्पादन ही नहीं दे रहा। तो वो क्लीन प्लांट सेंटर भी हम खोलेंगे लेकिन अच्छे बीज और अच्छी रोपण सामग्री उसका इंतजाम करना हम लोग भारत सरकार की तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।***

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए समृद्ध उत्तर प्रदेश एक बड़ी भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर उन्होंने चना, मसूर और सरसों की सरकारी खरीद की अवधि बढ़ाए जाने की मंजूरी भी प्रदान की। उन्होंने इस संबंध में स्वीकृति का आशय पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने इसके लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे प्रदेश के अधिकाधिक किसानों को अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने का अवसर मिलेगा और उनके हितों का बेहतर संरक्षण सुनिश्चित होगा। बैठक के दौरान अलनीनो के प्रभाव से निपटने के लिए रणनीति पर भी चर्चा की गई। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। केंद्रीय कृषि मंत्री कल अयोध्या भी पहुंचे और आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में मखाने की खेती का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद भी किया।

**********

सरकार ने पासपोर्ट आवेदन शुल्क में वृद्धि की है। अब छत्तीस पृष्ठों वाले नए पासपोर्ट या पासपोर्ट को फिर से जारी करने के लिए अब दो हजार पांच सौ रुपये शुल्क देना होगा। विदेश मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार पासपोर्ट संशोधन नियम दो हजार छब्बीस, पहली जुलाई से प्रभावी होंगे। नई शुल्क संरचना के अंतर्गत तत्काल श्रेणी में छत्तीस पृष्ठों वाले नए पासपोर्ट या पासपोर्ट को फिर से जारी करने की लागत पांच हजार रुपये होगी। साठ पृष्ठों वाले साधारण पासपोर्ट या पासपोर्ट को फिर से जारी करने की लागत तीन हजार पांच सौ रुपये होगी, और तत्काल श्रेणी के पासपोर्ट के लिए यह लागत छः हजार रुपये होगी। वर्तमान में छत्तीस पृष्ठों वाले पासपोर्ट की लागत एक हजार पांच सौ रुपये और साठ पृष्ठों वाले पासपोर्ट की लागत दो हजार रुपये है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल संत कबीर नगर में चार सौ पचहत्तर करोड़ रुपए से अधिक लागत की एक सौ उन्तालीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीते नौ वर्षों में प्रदेश के हर जनपद का विकास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने पूर्वजों की विरासत को संरक्षित किया है। आज सुशासन और सुरक्षा के माहौल के साथ प्रदेश देश के ग्रोथ इंजन के रूप में उभरा है।

*यह डबल इंजन की सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी जी का यशस्वी नेतृत्व है जो उत्तर प्रदेश कभी पहचान के लिए मोहताज था। आज वह उत्तर प्रदेश पहचान के लिए मोहताज नहीं। बल्कि वह भारत की अर्थव्यवस्था का एक ग्रोथ इंजन बनकर के भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए तैयार खड़ा हुआ है।*

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में अक्षय पात्र फाउंडेशन के केन्द्रीकृत रसोई घर का उद्‌घाटन किया। इस रसोई घर का निर्माण राज्य सरकार के सहयोग से किया गया है। यहां प्रतिदिन एक लाख स्कूली बच्चों के लिये मिड–डे–मील तैयार करा कर विद्यालयों में वितरित किया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने पीएम पोषण योजना के अन्तर्गत स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिये अक्षय पात्र फाउंडेशन की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शिक्षा को सशक्त समाज की पहचान बताते हुए कहा–

*शिक्षा समाज की आधारशिला होती है। किसी भी स्वस्थ्य और समृद्ध समाज की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होती है शिक्षा। शिक्षा जैसी होगी समाज का वर्तमान और उसका भविष्य वैसा ही होगा। मैं आह्वान करूंगा बेसिक शिक्षा परिषद के सभी शिक्षकों से प्रधानाध्यापकों से बेसिक विभाग के अधिकारियों से वे इस बात को ध्यान में रखे कि कोई बच्चा छूटने न पाए हर एक बच्चे को स्कूल पहुंचाना है।*

**********

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कल प्रदेश के नवनियुक्त पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में आठ महामंत्री, उन्नीस उपाध्यक्ष और उन्नीस मंत्री बनाए गए हैं। इसके अलावा पश्चिम, ब्रज, कानपुर, अवध, काशी और गोरखपुर के क्षेत्रीय अध्यक्ष और विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों के नाम भी घोषित किए गए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि पार्टी ने सभी वर्गों और क्षेत्रों को ध्यान में रखकर पदाधिकारियों की नियुक्ति की है।

*भारतीय जनता पार्टी सर्वसमाज की पार्टी है। सबको लेकर के चलती है। युवाओं को भी लेकर महिलाओं को भी लेकर के और हम लोग भी ख्याल रखें कि सभी का समायोजन उसमें हो जाए और सभी क्षेत्र का जो हमारे कार्यकर्ता हैं, उनका सबका हर क्षेत्र से करीब–करीब बराबर–बराबर सबके समायोजन हो जाए ऐसा प्रयास किया जाए।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी नए पदाधिकारी संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने, राष्ट्र प्रथम की भावना को जन–जन तक पहुंचाने और जनसेवा के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस परीक्षा–दो हजार छब्बीस का विस्तृत आवेदन कल जारी कर दिया। इसी के साथ करीब पांच सौ पदों पर भर्ती के लिये ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गयी। सत्ताइस जुलाई तक आवेदन और परीक्षा शुल्क जमा किये जा सकेंगे जबकि आवेदन में संशोधन और त्रुटि सुधार की अन्तिम तिथि तीन अगस्त निर्धारित की गयी है।

**********

आज मुहर्रम की दसवीं तारीख यानी यौमे आशूरा है। यह दिन पैगम्बर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है। दसवीं मुहर्रम पर निकलने वाले जुलूसों को लेकर प्रदेश भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। जुलूसों के सम्पन्न होने के बाद ताजियों को कर्बला में दफ्न कर दिया जायेगा। गोरखपुर में इमामबाड़ा स्टेट से दसवीं मुहर्रम पर निकलने वाले शाही जुलूस को देखने के लिये आसपास के जिलों से भी लोग पहुंचे हैं। इसके पहले कल मुहर्रम की नौवीं तारीख पर भी प्रदेश भर में जुलूस निकाले गये।

**********

गोरखपुर सहित राज्य के कुछ पूर्वी जनपदों में आज तड़के हुयी बारिश से सुबह का मौसम सुहावना हो गया है। पूर्वी हिस्से के कुछ जिलों में कल भी हल्की बारिश हुयी थी।

**********